जो आये पहली बार मेरे श्याम तेरे दरबार

जो आये पहली बार मेरे श्याम तेरे दरबार,
वो तेरा हो जाए,
तू फ़ौरन सुने पुकार वो तेरा हो जाये,

दरबार बहुत देखे ऐसा दरबार नहीं,
जिसका तू साथी हो कभी होती हार नहीं,
जग के सब सुख बेकार जिसे मिल जाये तेरा प्यार,
वो तेरा हो जाए,
तू फ़ौरन सुने पुकार वो तेरा हो जाये,

हारे के साथी तुम बाबा कहलाते हो,
तेरे द्वार जो आता है उसे गले लगाते हो,
मतलब का ये संसार तेरा सच्चा है दरबार,वो तेरा हो जाए,
तू फ़ौरन सुने पुकार वो तेरा हो जाये,

तेरे भीम सैन पर भी इतनी किरपा करदो,
मेरे जीवन में बाबा खुशियों के रंग भर दो,
तेरा भूलू न उपकार मेरे सांवरिया सरकार वो तेरा हो जाये,
तू फ़ौरन सुने पुकार वो तेरा हो जाये,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13742/title/jo-aaye-pehli-vaar-mere-shyam-tere-darbar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |